an>

Title: Need to take steps for extension and beautification of Jai Prakash Narayan International Airport, Patna.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : महोदया, बिहार की राजधानी पटना में जय प्रकाश अंतर्राज्यीय हवाई अड्डा के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण की अति आवश्यकता है। ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य में व्यापार के साथ-साथ यहाँ पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों जैसे राजगीर, नालन्दा, गया, रोहतास, कैमूर इत्यादि अनेक जिलों में प्रचुर मात्रा में पर्यटन स्थल हैं। यहाँ प्रचुर मात्रा में अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आना-जाना वायुयान द्वारा लगा रहता है। पटना हवाई अड्डा से देश-विदेश आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, परंतु पटना के जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा का क्षेत्र छोटा होने के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई हो रही है और कभी भी वहाँ बहुत बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। अतः माननीय महोदया के माध्यम से मेरा सरकार से विशेष रूप से आग्रह है कि जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा, पटना के विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण में अगर किसी तरह की कठिनाई हो रही है तो बिहटा में इसे स्थानांतरित किया जाए एवं इसका शीघ्र विस्तार किया जाए। नागर विमानन मंत्रालय को सदन के माध्यम से निर्देशित करने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अश्विनी कुमार चौबे एवं

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल को श्री छेदी पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।